# ‘जनता ने तीन बार ठुकराया, कांग्रेस ने माथे पर बैठाया, बिरला पांच लाख से जीतेंगे’

**कोटा, (निसं)।** भाजपा के पूर्व संसदीय सचिव भवानीसिंह राजावत ने सोमवार के कांगेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल पर प्रहार करते हुए कहा कि जनता ने उन्हें 2 बार कोटा उत्तर से और एक बार बागी होकर हिण्डोली से चुनाव लड़ने पर तीन बार बुरी तरह हराया और कांग्रेस ने उसी को माथे पर बैठाया, कोटा बून्दी लोकसभा क्षेत्र से कांगेस को प्रत्याशी नही मिल रहा था इसीलिए कांगेस ने गुंजल पर दांव खेला है।

राजावत ने बताया कि गुंजल ने विधायक रहते हुए अधिकारियों पर दबाव बनवाकर सरकारी सड़क को छोटा करके उस पर 40 करोड़ रूपए की आलीशान कोठी बना ली और सीना ठोककर कहते हैं कि मैं अपने कार्यकर्ताओं के लिए जान दे दूंगा, जान देने की बात तो दूर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का स्वाभिमान ही छीन लिया उन कार्यकर्ताओं के दिल पर क्या गुजरेगी जिन्होनें भारतीय जनता पार्टी के लिए संघर्ष करते हुए लाठियां खाई और जेलों मे गए और विधानसभा चुनाव मे हार पर निराश होकर जहर तक खा लिया ऐसे कार्यकर्ताओं की आपने सुध तक नहीं ली।




कोटा भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में आयोजित सभा में पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत ने भाग लिया।

इसके विपरीत भाजपा से लोकसभा के प्रत्याशी बनाएं जाने पर 2014 और 2019 मे लोकसभा के अध्यक्ष बनने तक ओम बिरला ने कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र का भारत की संसद मे लगाातार नाम रोशन किया हैं और समय-समय पर क्षेत्र की जनता के हर सुख दुख मे उनके साथ खडे रहकर हाडौती का नाम रोशन किया हैं। आज पूरे देश मे कांग्रेस पार्टी के बडे. नेता चुनाव मे हार के डर से प्रत्याशी नही बनना चाह रहे चाहे वो राजस्थान मे राजसमन्द से सुदर्शन सिंह रावत, जयपुर से प्रतापसिंह खाचरियावास, झुंझुनु से बृजेन्द्र ओला, सीकर से कम्यूनिस्ट पार्टी के अमराराम, नागौर से आरएलपी प्रत्याशी हनुमान बेनीवाल हो ऐसे मे लगता हैं कि कांग्रेस इतनी कमजोर हो गई कि इन पर दांव खेल रही हैं।

हिन्दुस्तान मे कांग्रेस का सफाया होने वाला हैं मोदीजी के दस साल के राज मे भारत की तकदीर और तस्वीर बदल गई और 500 साल की त्याग और तपस्या के बाद राममंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होकर भगवान राम की मूर्ति उनकी जन्मभूमि पर विराजमान हो गई पूरे देश मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम की आंधी चल रही हैं इसीलिए कोई कांगेस के टिकट पर चुनाव नही लड़ना चाहता। राजावत ने कहा कि 3 अप्रेल को ओम बिरला भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप मे नामांकन भरेंगे इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत 3 अप्रेल की नामांकन रैली मे लगा दें।

बिरला के समर्थन मे आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन मे कोटा-बूंदी लोकसभा संयोजक सुनिता व्यास, जिला अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व देहात जिलाध्यक्ष मुकुट नागर, एसटी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, पंचायत समिति डायरेक्टर कुलदीप नागर, पार्षद दीपक बंशीवाल, पूर्व पार्षद महावीर नायक, बजरंग दल कोटा के रमेश राठौर, पूर्व प्रधान अनुराधा मीणा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजकुमार नन्दवाना, सुरेश गुर्जर, मनीष गालव पूर्व सरपंच ललितेश शर्मा, नरेन्द्रसिंह बड़ौदिया, सत्यनारायण ढोली, बीरम यादव, उपसरपंच सत्यनारायण नागर, मण्डल महामंत्री प्रतापसिंह , रेखा शर्मा, हरेन्द्र सिंह भदौरिया, आदि मौजूद रहे।

## शीतला माता को ठण्डा भोजन परोसा

**छबड़ा (निसं)।** कस्बे सहित ग्रामीण अंचल में सोमवार को शीतला सप्तमी का पर्व श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। महिलाओं ने शीतला माता मंदिर पहुंचकर भक्तिभाव से विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की।

पर्व को लेकर सोमवार को अलसुबह से ही महिलाएं सजधज कर हाथों में पूजा सामग्री के थाल लिए मंदिरों में माता शीतला की पूजा आराधना करने पहुंची। जहां पर एक दिन पहले घर पर बनाए गए पुए, पकोड़ी, पूडी, राबड़ी, दही, दलिया आदि पकवानों (बास्योडा) का भोग लगाया। वहीं, महिलाओं के द्वारा व्रत रखे गए और माता शीतला से परिवार वालों की सुख समृद्धि के लिए दुआएं मांगी। भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष ताराज्योति यादव ने बताया कि मान्यता अनुसार शीतला अष्टमी के दिन शीतला मां का पूजन करने से चेचक, खसरा जैसी बीमारियां नहीं होती और अगर हो भी जाए तो उससे जल्द छुटकारा मिलता है। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला शांति की देवी हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से भक्तों की रक्षा करती हैं।

## स्कूल बैग पाकर चेहरे खिल उठे

**कोटा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानस गांव, ब्लॉक लाडपुरा में आज रीबॉक एवं ग्रीनसौल फाउंडेशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय माहेश्वरी कपल क्लब के सहयोग से विद्यार्थियों को स्कूल बैग, बैठने के आसन और चप्पलौ का निशुल्क वितरण किया गया। संस्था द्वारा प्राप्त सामग्री को पा कर बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस अवसर पर डॉ महेंद्र माहेश्वरी ने कहा कि स्कूल को भविष्य में भी संस्था द्वारा हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।सादे समारोह में आयोजित कार्यक्रम का संचालन अध्यापक नरेंद्र दाधीच द्वारा किया गया।

## जरूरतमंद को एस.डी.पी. दी

**कोटा, (निसं)।** कोटा का नाम ब्लड व एसडीपी डोनेशन के रूप में की जा रही सेवा के लिए भी जाना जाने लगा है। लोग यहां निसंकोच आते हैं और उन्हें एसडीपी भी मिल जाती है। कोटा सहित आसपास के क्षेत्र के सेवाभावी डोनेर्स सेवा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाते जा रहे हैं और जरूरतमंद की हर समय मदद को तैयार रहते हैं। टीम जीवनदाता के संयोजक व संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि हरियाणा रेवाडी के लेब टेक्निशियन महावीर मालव अब कोटा में रहकर कार्य कर रहे हैं, जब उन्हें पता चला की निजी अस्पताल में भर्ती कैंसर पेशेंट जुगराज को प्लेटलेट्स की अवश्यकता है और एसडीपी की जरूरत हैं तो वह सहज ही तैयार हो गए और उन्होंने अपने दूसरे टेक्निशियन साथी को तलवंडी स्थित अपना ब्लड बैंक बुलाया और बी पॉजीटिव एसडीपी डोनेट की। वह इससे पूर्व रेवाडी में भी सेवा कार्य करते चले आ रहे हैं, यह उनकी तीसरी एसडीपी थी। महावीर मालव का कहना है कि वह अपने कार्य के चलते मरीजों का दर्द भती भांती समझते हैं, इसलिए सेवा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। इस अवसर पर मौजूद परिजन भावुक हो गए और उन्होंने रक्तदान का संकल्प लिया।

# मुंबई दिल्ली एक्सप्रेस-वे से कोटा इंडस्ट्रीज रफ्तार पकड़ेगी : नागर

**कोटा, (निसं)।** हाड़ोती कोटा स्टोन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का होली मिलन समारोह पाषाण भवन ,इंद्रप्रस्थ इंडस्ट्रियल एरिया पर आयोजित किया गया।अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने संस्था के सभी सदस्यों एवं उनके परिजनों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत और शुभकामनाएं दी। महासचिव रवि निमोदिया ने बताया की संस्था द्वारा इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में मयूर नृत्य किया गया,सदस्यों जमकर इसका आन्नद लिया।

चेयरमैन सलाहकार बोर्ड आर. एन.गर्ग ने बताया कि संस्था को वर्ष भर योगदान देने हेतु श्री गणेश स्टोन इंडस्ट्रीज,भगवती स्टोन इंडस्ट्रीज एवं रूंगटा स्टोन इंडस्ट्रीज का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संरक्षक सुरेश मित्तल ने बताया की इस अवसर पर लक्की ड्रा भी निकाला गया जिसमे 60 ग्राम चांदी के सिक्के विजेताओं को दिए गए। पूर्व अध्यक्ष विकास जोशी ने बताया की कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, संदीप शर्मा विधायक कोटा (दक्षिण), पूर्व विधायक प्रहलाद




हाड़ौती कोटा स्टोन संगठन का स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ।

गुंजल, राकेश जैन जिलाध्यक्ष भाजपा कोटा, एवं रवीन्द्र त्यागी अध्यक्ष कोटा कांग्रेस कमेटी, ने भी शिरकत की सभी अथितियो ने उपस्थित उद्यमियों को सम्बोधित किया।

होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी के व्यापार में निरंतर प्रगति हो ऐसी कामना की। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने संबोधन में बताया की शीघ्र ही मुंबई दिल्ली एक्सप्रेस हाईवे चालू होने वाला है जिससे कोटा में उद्योगों का काफी विकास होगा और शहर मे नए उद्योग स्थापित होंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली से संबधित ही नही अपितु कोई भी औद्योगिक समस्या के निराकरण के लिए भजनलाल सरकार कटिबद्ध है क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करके विकास के पथ पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए बिजली अब समस्या नहीं रहेगी।

कार्यक्रम में संस्था के निर्वाचित अध्यक्ष रोहित सूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे.पी. मेवाडा, सतनाम सिंह आनंद, कोषाध्यक्ष गौरव गर्ग, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, बुद्धि प्रकाश कहालिया,आकाश कवात्रा, सचिव रवि गुप्ता,विजय सेठिया,महावीर माहेश्वरी, राहुल खुवाल,सचिन मित्तल, एवम सभी पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ उद्यमी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्टर से बाइक सवार मौत

**मांगरोल (निसं)।** थाना क्षैत्र बाराँ रोड पर सोमवार को दिन में 3 बजे करीब मुकेश /रामनाथ उम्र 28 साल जाति माली निवासी बोहत थाना मांगरोल, जो बोहत की तरफ आ रहा था, पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन कि टक्कर से घायल होने से बारां अस्पताल लेकर आए थे जहां मृत घोषित होने से, मृतक की लाश का पोस्टमार्टम करवाया जाकर शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। घटना के संबंध में प्रकरण दर्ज किया जा कर अग्रिम कारवाही की जायेगी।

## क्रेश डेंगू रोधी अभियान शुरू

**झालावाड़ (निसं)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान को जिले में मौसमी बीमारीयों की रोकथाम हेतु घर-घर सर्वे के लिये क्रेश डेंगू रोधी अभियान आरम्भ किया गया जिसका प्रथम चरण 01 अप्रेल से 14 मई तक चलेगा। जिले के सभी चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारीयों को सुपरविजन एवं मोनिटरिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान के साथ उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. लेखराज मालव, ऐपिडेमियोलोजिस्ट ब्रिजेश गुप्ता, फोगिंग कन्ट्रोल प्रभारी हरिश वर्मा, पीएचएम रामबाबू लोधा एवं शहरी क्षेत्र के जीएनएम व आशा सहयोगिनीय शहरी पीएचसी धनवाडा की टीम द्वारा वार्ड नम्बर 43 और 45 के मल बस्ती व राडी के बालाजी के क्षेत्रों में जाकर घर-घर सर्वे कार्य के साथ डेंगू रोधी अभियान के अन्तर्गत एन्टी लार्वल गतिविधियॉ की गई।

उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. लेखराज मालव ने बताया कि डेंगू के मच्छर साफ व खुले पानी में पैदा होते है लार्वा से लेकर मच्छर बनने की प्रक्रिया में सात दिन का समय चक्र होता है इस लिये घर में साफ पानी के भरे हुये कन्टेनर जैसे पानी की टंकी, कुलर, गमले, फ्रिज की ट्रे, छत पर पडे हुये कबाड इत्यादि को हर सात दिन में खाली करते हुये सुखाकर वापस प्रयोग में लेवे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने आमजनों से अपील की वे जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु अपने घरों व कार्य स्थलों की सफाई रखे।

# पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमोटी अधिकारी संगठन ने स्नेह मिलन समारोह मनाया

**कोटा, (निसं)।** विगत दिवस पश्चिम मध्य रेलवे प्रमोटी अधिकारी एसोसियेशन की कोटा मंड़ल शाखा के द्वारा स्नेह मिलन समारोह का आयोजन मेनाल अधिकारी क्लब में किया गया। इस अवसर पर पमरे प्रमोटी अधिकारी संघ जबलपुर के जोनल अध्यक्ष किशोर पटेल मंड़ल वाणिज्य प्रबंधक उपस्थित थे।

इनके अलावा कोटा शाखा के अध्यक्ष शशीभूषण शर्मा, सहायक परिचालन प्रबंधक तथा सचिव संजय दुबे सहायक मंड़ल इंजीनियर ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ नारीशक्ती मंजू निंबालकर, विनीता पालीवाल, अंजली पटेल, डॉक्टर भारती शर्मा, मनिंदर कौर सोहल, प्रीति श्रीवास्तव एवं आरती दुबे के करकमलों से माँ सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर संघ के द्वारा कोटा में रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारियों को ससम्मान परिवार सहित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया तथा बी. के. पालीवाल, वरिष्ठ मंड़ल इंजीनियर, जी.के. मीणा, उप मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा उनको पुष्पहार पहनाकर तथा स्मृतिचिन्ह देकर रेलवे तथा एसोसियेशन के लिये किये गये अवदान के प्रति इस प्रकार से धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारियों, मुकेश दुबे, वरिष्ठ मंड़ल यांत्रिक इंजीनियर, हरीश रंजन, वरिष्ठ मंड़ल विद्युत इंजीनियर, हेमराज सिंह, उप मुख्य वित्त सलाहाकार, सी.पी. सौंकिया, सहायक कार्मिक अधिकारी, एच. के. महावर, सहायक मंड़ल इंजीनियर, शरद भारद्वाज, सहायक परिचालन प्रबंधक आदि ने भाग लिया। इन अधिकारियों के द्वारा भी अपने रेलसेवा से संबंधित संस्मरण सुनाकर अन्य अधिकारियों का ज्ञानवर्धन किया तथा आयोजन में आमंत्रण के लिये धन्यवाद देते हुए एसोसियेशन के उद्देश्यों में सफलता की कामना की। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों एवं रेल परिवार के सदस्यों के द्वारा रंगारंग कार्यकमों की प्रस्तुति भी दी गयी। सेवानिवृत्त स्टेशन निदेशक कोटा एन. के. मीणा के द्वारा अपनी धर्मपत्नी के साथ छुप गये सारे नज़ारे होय क्या बात हो गयीष गाने पर नृत्य कर समस्त उपस्थितजनों को तालियां बजाने के लिये मज़बूर कर दिया। विद्याभूषण भारती की सुपुत्री ऐशनी सुमेधा के द्वारा अपने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति ष्प्रम रतन धन पायों गाने पर कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

# कोटा लोकसभा प्रत्याशी को जिताने के लिए घर-घर जाकर दस्तक दें : रविन्द्र त्यागी

- **लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक हुई**

**कोटा, (निसं)।** लोकसभा चुनावों को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कांग्रेसजनों, वार्ड पार्षदो की बैठक ली जिसमे कार्यकर्ताओं से बार्ड,बूथ लेवल को मजबूत कर तथा बूथ पर बैठने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओ की लिस्ट तैयार कर लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के पक्ष में मतदान कराने के लिय जनसंपर्क अभियान चलाकर घर घर दस्तक देने के लिए आव्हान किया तथा कार्यकर्ताओं वार्डों की जिम्मेदारियां दी गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहॉ की कोटा दक्षिण विधानसभा में नगर निगम के 56 वार्डो में हमे धर-धर जाकर चुनाव प्रचार प्रसार करना होगा अपने पोलिंग बुथो की जिम्मेदारी ऐसे कार्यकर्ताओ को दी जाये जो उस बुथ में हर व्यक्ति को जानता है और वोट कांग्रेस पार्टी के पक्ष में डलवाने जावे जिससे हम कोटा दक्षिण में विजय हो।




कोटा कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को रविंद्र त्यागी ने संबोधित किया।

कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा की हर बूथ की स्थिति मजबूत रखे जहां भी कही गड़बड़ी दिखे इसकी मुझे तुरंत सूचना दे और महिला विंग मजबूती के साथ सक्रिय होकर काम करे भाजपा प्रत्याशी एवं उनके समर्थको का मन विचिलित हो रहा है हार की बौखलाहट से उल्टे सीधे बयानबाजी पर उतर आए हैं कई गांवों में भाजपा प्रत्याशी को बिरोध का सामना करना पड रहा है।

त्यागी ने कहा कि हमे हर वार्ड में महिलाओ की भागिदारी सुनिश्चित करनी है अधिक से अधिक महिलाओ को जोड कर घर-घर में कांग्रेस पार्टी का प्रचार प्रसार करना है, बुथ पर ध्यान रखना है की फर्जी वोट नही डले।

त्यागी ने कहॉ की कोई भी डराने धमकाने आये तो किसी से भी डरने की जरूरत नही है मजबूती से सामना कर तुरन्त मुक्षे सुचित करे और कांग्रेस का प्रचार प्रसार करे।

बोटर लिस्टो में जिस किसी का भी नाम कट चुका है अपने बीएलओ से मिलकर जुडाने का कार्य करे अगर बीएलओ नाम नही जोडता है तो जिला निर्वाचन अधिकारी से प्रार्थना पत्र लिखकर शिकायत दर्ज करे । बैठक में प्रमुख रूप से, पार्षद मनोज गुप्ता,कपिल शर्मा,गफ्फार हुसैन, सोनू अब्बासी, सुमन पेशवानी, पी.डी. गुप्ता, कुलदीप प्रजापती, योगेन्द्र शर्मा, दिपक वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द बिरवाल, संजय यादव, हिमांशु शर्मा, अमोलक देवी, चन्द्रशेखर रामचंदानी, सतीश गोपलानी, हेमराज पांचाल, प्रमोद त्रिपाठी, ईश्वर गंभीर, डॉ विजय सोनी, प्रकाश मलकानी, राजेन्द्र राजावत, लियाकत भाई,दिनेश खटीक,पार्षद प्रत्याक्षी विजय गुप्ता, राजेश चौहान, नवल तुरावा, पार्षद प्रतिनिधी आसिफ मिर्जा, सुलेमान बादशाह, आसिफ मिर्जा, मजिद भाई, जिला सचिव पुनम कॅवर, सलिम शेरी, ईश्वर गंभीर, इरफान धोसी, बाबू भाई, रनीश गौयल, राजेन्द्र भारद्वाज, रूपचंद पौसवाल, योगेश मीणा, पारस वर्मा, एड. पदम गौतम, रेहाना अंसारी आदी कई कोटा दक्षिण विधानसभा के प्रमुख कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## सिन्धु सोशल सर्किल ने नए सत्र की शुरुआत

**कोटा (निसं)।** विगत 35 वर्षों से सामाजिक सेवा और संस्कृति के संवर्धन के लिए कार्यरत संस्था सिन्धु सोशल सर्किल ने अपने नए सत्र 2024-25 की शुरुआत बुजुर्गो के आशीर्वाद के साथ की है, आज सर्किल की ओर से सिन्धु हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर के सहयोग से श्री करणी नगर विकास समिति द्वारा संचालित श्रद्धा वृद्धाश्रम श्रद्धा में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर से पूर्व सर्किल के पदाधिकारियों की ओर से श्री कृष्ण मुरारी गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया व एसीगणेश मंदिर में पूजा अर्चना भी की गई। सर्किल की मीडिया समिति के चौयरमैन प्रकाशवीर नाथानी ने बताया कि ष्श्रद्धाष आवासीय वृद्धजनों की सेवार्थ निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें बीएमडी, एचबीएसी, एल एफ टी, लिपिड प्रोफाइल, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड और हेमोग्लोबिन जांच की गई। सर्किल के संरक्षक किशोर मदनानी ने बताया कि शिविर में सहयोग करने के लिए श्री करणी नगर विकास समिति के अद्यक्ष प्रवीण भंडारी, चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ मुस्तफा बोहरा और डॉ विनय ग्वालानी को सम्मानित किया गया।

## सार-समाचार

### जिला औषधि भंडार का निरीक्षण



**बून्दी (निसं)।** सोमवार को सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने जिला औषधि भंडार का औचक निरीक्षण कर दवाइयो की उपलब्धता की जानकारी लेकर समुचित निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. सामर ने कहा कि जिले के चिकित्सा संस्थानों में कभी भी दवाइयो की उपलब्धता की कमी सामने ना आये यदि कोई दवाई उपलब्ध न हो तो ऐसे में उसका अन्य विकल्प उपलब्ध रहे प्रयास यह हो की दवाई की कमी से मरीज बिना दवाई लिए लोटे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान दवाइयो के रखरखाव एवं संधारण की भी जांच की. साफ सफाई को जांच और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ! साथ ही चिकित्सा संस्थानों को उपलब्ध करवाई जाने वाली दवाइयो की भी विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला औषधि भंडार प्रभारी डॉ सतीश सक्सेना सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

### विकास मेवाड़ा अध्यक्ष बने

**कोटा (निसं)।** मेवाड़ा कलाल संस्थान गुमानपुरा, कोटा के चुनाव शांतिपूर्ण मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक मेवाड़ा द्वारा संपन्न कराए गए। संस्थान के चुनाव में विकास मेवाडा ने जगदीश मेवाडा को हराया और विजयी घोषित किए गए। वहीं महामंत्री पद पर रामचंद्र मेवाड़ा विजयी हुए। शेष पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रामेश्वर सरोजा, उपाध्यक्ष पद पर राहुल मेवाड़ा (रामू), कोषाध्यक्ष पद पर रविशंकर मेवाड़ा, संगठन मंत्री पद पर हरिओम मेवाड़ा, सांस्कृतिक मंत्री मुकेश मेवाड़ा, उपमंत्री प्रमोद सरोजा, अतिरिक्त मंत्री अखिलेश मेवाडा, ऑडिटर मधुसुदन मेवाड़ा, खेल-कूद मंत्री हुकम मेवाडा एवं कार्यकारिणी सदस्य पद पर चेतराम मेवाडा, सत्यप्रकाश मेवाड़ा, अनिल सरोजा, मूलचंद मेवाडा, विनोद सरोजा, सुधीर सरोजा, सुरेश कुमार मेवाड़ा, गजेन्द्र सरोजा,विजय निर्वाचित किए गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष विकास मेवाडा ने बताया कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए संस्था हर संभव प्रयास करेगी और छात्रावास एवं सामूदायिक भवन बनाकर समाज को लाभांवित करने का प्रयास किया जाएगा। मेवाडा ने बताया कि यह संस्था 150 साल पुरानी है और इस संस्था से जुडे हुए सदस्यों को सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले इसका भी प्रयास किया जाएगा और एक सर्वे कराकर जरूरतमंदों की मदद की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### मतदान जागरुकता को लेकर मुहिम जारी

**कोटा, (निसं)।** अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन द्वारा पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सम्मेलन के पदाधिकारी अलग-अलग शहरों में जाकर समाज के लोगों को जागरुक कर रहे हैं। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के महामंत्री गोपाल एम मोर ने कोटा में वैश्य समाज के पदाधिकारियों की बैठक लेकर समाज के जनप्रतिनिधि के पक्ष में मतदान का आव्हान किया। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला महामंत्री भुवनेश गुप्ता ने बताया कि कोटा जिला अध्यक्ष दिनेश विजय के नेतृत्व में राष्ट्रीय महामंत्री का अभिनंदन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मोर ने कहा कि जहां भी वैश्य समाज के लोग चुनाव में खडे हुए हैं वहां उन्हें जिताने का पुरजोर प्रयास करें। महामंत्री भुवनेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री का कोटा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एके गुप्ता, महिला अध्यक्ष रजनी गुप्ता, अग्रवाल समाज के वरिष्ठ युवा उपाध्यक्ष हेमराज जिंदल, पोरवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता, धीरेंद्र पोरवाल, कोटा संभाग प्रभारी डॉ. आरके राजवंशी, जगदीश अग्रवाल चूनावाला, अनुपम गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### 6761 मालगाड़ी के डिब्बों की मरम्मत

**कोटा, (निसं)।** मुख्य कारखाना प्रबंधक सुधीर सरवरिया के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी, फरवरी एवं मार्च माह में क्रमशः 551, 581, 551, 551, 570, 572, 551, 550, 565, 607, 561 एवं 551 वैगनों का मरम्मत कर आउटटर्न दिया अर्थात इस वित्तीय वर्ष अबतक कुल 6,761 वैगनों का पीओएच किया गया। रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्रति माह 550 वैगनों से अधिक वैग'नों का कोटा वर्कशॉप ने मरम्मत कर आउटटर्न किया। माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक वैगनों का पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न दिया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष में अब तक लक्ष्य से अधिक वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया गया है।

### ‘स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक’

**कोटा, (निसं)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा में मार्च को माननीय कुलपति महोदय प्रो. एस. के. सिंह के मार्गदर्शन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय के अगोरा परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के डीन प्रो. ए.के. द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताते हुए उन्हें मतदान करने हेतु शपथ दिलाई एवं आगामी लोकसभा चुनाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम में भागीदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक मनोज वैष्णव ने किया एवं छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### शोक संतृप्त परिवारों को ढांढ़स बंधाया

**छबड़ा (निसं)।** विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने सोमवार को बाहरी, खोपर, सोनी, पाली, मुण्डला ग्राम पंचायतो के एक दर्जन गांवो का दौरा कर तीन अप्रैल को बारां-झालावाड लोकसभा प्रत्याक्षी दुष्यंतसिंह की नामांकन रैली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा को सुनने का आव्हान किया। साथ ही बिंदाराड़ा में बाबूलाल नागर एवं मांगीलाल धाकड़ के निधन पर शोक संतृप्त परिवारो को ढांष्ढ्स बंधाया। इस अवसर पर प्रधान हरिओम नागर, सरपंच मानसिंह मीणा, गोपाललाल नागर, पूर्व सरपंच शिवचरण गोलानिया, छात्रसंघ अध्यक्ष रवि शर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष मोरसिंह गुर्जर, कल्पित नागर, रामेश्वर नागर, भगवान नागर, गौरव सेन आदि मौजूद रहे।

### शिव चालीसा से नये सत्र की शुरुआत

**कोटा, (निसं)।** अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन की कोटा शाखा के द्वारा धार्मिक कार्य से नये सत्र 2024-26 की शुरुआत की गई। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष ऋतु मूँदडा ने बताया कि दादाबाड़ी स्थित शिवबाडी मंदिर में शिवचालीसा का पाठ किया गया और ज़रूरतमंदों को फलों का वितरण कर पुण्य कार्य किया गया। नवनिर्वाचित सचिव सुमन मरचूनिया एवं नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष प्रमिला गुप्ता ने बताया कि मंदिर में 51 शिवचालीसा की किताबें भी दी गई। इस अवसर पर संगीता काबरा, अरुणा मूँदडा, गीता काबरा, संध्या लड्ढा शिखा गुप्ता ,रेणु माहेश्वरी, सरिता मोहता और सुनीता मूँदडा ने उपस्थिति देकर भागीदारी निभाई।

### अठ वर्षीय माहिरा ने रखा पहला रोजा

**छबड़ा (निसं)।** कस्बे में माह-ए-रमजान जारी है तथा मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर इबादतों में जुटे हुए है। बड़ो के साथ.-साथ बच्चे भी जोश के साथ रोज़ा रखते नज़र आ रहे है। रविवार को कस्बे के बीड़ी व्यवसायी माजिद तिलक की 8 वर्षीय पुत्री माहिरा फातिमा ने पहला रोजा रखकर अल्लाह से दुआएं मांगी तथा पहला रोज़ा रखने पर इफ्तार पार्टी भी आयोजित की गई जिसमें समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

